राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR

पत्र संख्या–प0नि0–30–95 / 2026...3655...

प्रेषक,

शम्भु कुमार
संयुक्त निर्वाचन आयुक्त,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना।

सेवा में,

जिला निर्वाचन पदाधिकारी(पंचायत)
–सह–जिला पदाधिकारी
सारण,छपरा

पटना, दिनांक– 8.9.26

**विषय :– वर्ष 2011 की जनगणना के EB Wise Data का मोबाईल ऐप से प्रविष्टि आयोग के वेबसाईट पर किये जाने के संबंध में।**

**प्रसंगः– आपका पत्रांक–4153 दिनांक 02.09.2026**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक एवं प्रासंगिक पत्र के माध्यम से आपके द्वारा वर्ष–2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर Enumeration Block की चौहद्दी से संबंधित 09 बिन्दुओं (North, South, East, West, North East, North West, South East, SouthWest & Center) की प्रविष्टि करने हेतु जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार से चार्ज रजिस्टर की माँग की गयी हैं।

ज्ञातव्य हो कि जनगणना से संबंधित चार्ज रजिस्टर जिला स्तर पर जिला पदाधिकारी–सह–मुख्य जनगणना अधिकारी के अधीन ही जनगणना कार्यालय / शाखा में इसका संधारण और रख–रखाव किया जाता हैं। साथ ही निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार द्वारा स्पष्ट किया गया हैं कि चार्ज रजिस्टर का प्रतियां प्रसार हेतु उपलब्ध नही हैं अतः इन्हे किसी भी बाह्य एजेंसी / विभाग के साथ साझा नही किया जा सकता हैं, सुलभ संदर्भ हेतु पत्र की प्रति पत्र के साथ संलग्न हैं।

अतएव अनुरोध हैं कि जिला / प्रखंड स्तर पर उपलब्ध चार्ज रजिस्टर के सहयोग से राजस्व ग्राम के Enumeration Block से संबंधित चौहद्दी की प्रविष्टि मोबाईल ऐप से करना सुनिश्चित किया जाए।

अनुलग्नकः–यथोक्त

विश्वासभाजन

8/9/26

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त।

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 00 ... 06917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847] E-mail: secbihar@gmail.com

E:\dhiru\RKJ\RK\Letter.docx

इस पत्र के सत्यापन हेतु क्यूआर (QR) कोड को स्कैन करें।

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
गृह मंत्रालय
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
जनगणना कार्य निदेशालय बिहार
DIRECTORATE OF CENSUS OPERATIONS BIHAR

8वांतल, सी.-जी ब्लॉक, कर्पूरी ठाकुर सदन,
8th Floor, C-G Block, Karpoori Thakur Sadan,
आशियाना-दिघारोड, पटना -800025
Ashiana-Digha Road, Patna-800025
टेलीफोन/Telephone-0612 2565958, 60
E-mail:- dco-bih.rgi@censusindia.gov.in

I/333243/2026 दिनांक - 01-08-2026

सेवा में,
संयुक्त निर्वाचन आयुक्त,
बिहार राज्य निर्वाचन आयोग,
पटना।

विषय: जनगणना-2011 से संबंधित आँकड़े उपलब्ध कराए जाने के संबंध में

सन्दर्भ: भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय, नई दिल्ली पत्रांक 14011/01/2020-DDU, दिनांक 31.07.2026

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि आपके पत्रांक प०नि०-30-63/2026-3118/ दिनांक-28-07-2026 के आलोक में आपके द्वारा जनगणना 2011 से संबंधित आंकड़े उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया। उक्त के संबंध में भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय, नई दिल्ली को पत्र प्रेषित किया गया। इस क्रम में भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय, नई दिल्ली पत्रांक 14011/01/2020-DDU, दिनांक 31.07.2026 (संलग्न) के माध्यम से बिहार राज्य निर्वाचन आयोग को जनगणना-2011 से संबंधित आंकड़े उपलब्ध कराए जाने के संबंध में दिशा-निर्देश प्राप्त हुए हैं।

1. इस संबंध में सूचित किया जाता है कि बिहार राज्य में जनगणना – 2011 के कुल 2,06,233 CEBs में से लगभग 1,53,044 CEB के Layout Maps डिजिटल रूप में उपलब्ध हैं, इन्हें रु० 50/- प्रति CEB Layout Map की दर से उपलब्ध कराया जा सकता है ( हार्ड कॉपी हेतु फोटो कॉपी शुल्क अतिरिक्त देय होगा)।
2. ग्रामीण AHL, जिसकी संख्या लगभग 1,53,212 है, डिजिटल रूप में उपलब्ध नहीं है। लगभग 26,261 शहरी CEB AHLs जनगणना निदेशालय बिहार में डिजिटल रूप में उपलब्ध हैं, जिन्हें रु० 100/- प्रति AHL पर उपलब्ध कराया जा सकता है।
3. बिहार राज्य के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों के गणना ब्लॉक -वार लिंगवार/SC/ST जनसंख्या संबंधित आंकड़े निर्धारित शुल्क रु० 9,75,000/- प्राप्त होने के उपरांत उपलब्ध कराये जा सकते हैं।
4. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्व ग्रामवार जनसंख्या प्राथमिक जनगणना सार (Primary Census Abstract - PCA) भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय की आधिकारिक वेबसाइट censusindia.gov.in पर निःशुल्क उपलब्ध है। इसकी प्रति जनगणना कार्य निदेशालय बिहार में निर्धारित मूल्य प्रति रु० 215/- पर उपलब्ध है।
5. चार्ज रजिस्टर की प्रतियां प्रसार हेतु उपलब्ध नहीं हैं। अतः इन्हें किसी भी बाह्य एजेंसी/विभाग के साथ साझा नहीं किया जा सकता है।

साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि उपलब्ध कराए जाने वाले आंकड़ों का उपयोग केवल स्वीकृत

शासकीय प्रयोजन हेतु किया जाएगा तथा उन्हे किसी अन्य बाह्य एजेंसी के साथ साझा नहीं किया जा सकेगा एवं आंकड़े की गोपनीयता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी आयोग की होगी।

अतः अनुरोध है कि संलग्न पत्र में वर्णित दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा करें।

अनुलग्नक : यथोपरि

भवदीया,
Digitally signed by
Manju Gupta
Date: 01-08-2026
14:47:03
(मन्जु गुप्ता)
संयुक्त निदेशक